विधान सभा प्रश्न

विभाग का नाम : राज़स्व विभाग

प्रश्न संख्या तारांकित : 1072

उत्तर की तिथि : 15-12-2018

विषय : रिक्त पद

प्रश्नकर्त्ता का नाम : श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)

सम्बन्धित मन्त्री : मुख्य मन्त्री

प्रश्न	उत्तर
उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक), नायब-तहसीलदार, डोडरा-क्वार तथा नायब तहसीलदार, जांगला (चिड़गांव) के पद कब से रिक्त पड़े हैं; इनके अलावा इन कार्यालयों में कितने पद कब से रिक्त हैं; ब्यौरा दें?	सूचना सभा पटल पर रख दी गई है।

*****

श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू) द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न डायरी संख्या 1072 से सम्बन्धित सभा पटल पर रखी जाने वाली सूचना।

डोडरा क्वार में उप–मण्डलाधिकारी (नागरिक) का पद दिनांक 20.01.2018 से रिक्त था, किन्तु स्थानीय जनता की सुविधा के मद्देनज़र इस पद का अतिरिक्त कार्यभार 15.02.2018 को उप–मण्डलाधिकारी (नागरिक) रोहड़ू, जिला शिमला को सौंपा गया था। अभी हाल ही में इस संवर्ग में कुछ पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के उपरान्त उप–मण्डलाधिकारी (नागरिक), डोडरा–क्वार के पद पर नियमित नियुक्ति दिनांक 30.11.2018 को कर दी गई है।

नायब तहसीलदार डोडरा–क्वार तथा जांगला के पद दिनांक 30 मई, 2018 से रिक्त चल रहे थे, जिन्हें दिनांक 21.11.2018 को भर दिया गया है।

इनके अलावा उपरोक्त कार्यालयों में रिक्त पदों बारे ब्यौरा निम्नलिखित हैः–

क्र0सं0	उप मण्डल/तहसील का नाम	पदनाम	रिक्तियाँ
1.	उप मण्डल, डोडरा–क्वार	वरिष्ठ सहायक	2
		आशुटंकक	1
		चालक	1
		पटवारी	1
		दफतरी	1
		चौकीदार	1
		अंशकालिक सफाई कर्मचारी	1
2	तहसील, डोडरा–क्वार	लिपिक	1
		सेवादार	1
		अंशकालिक सफाई कर्मचारी	1
3.	उप तहसील, जांगला	वरिष्ठ सहायक	1
		कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आई0टी0)	1
		पटवारी	1
		तामिल कुनिन्दा	1
		सेवादार	1
		अंशकालिक सफाई कर्मचारी	1

*****